N.C.R.B/एन.सी.आर.बी
I.I.F.-I /एकीकृत जाँच फार्म-I

# FIRST INFORMATION REPORT
## Under Section 173 B.N.S.S.

## (प्रथम सूचना रिपोर्ट )
## अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. District (जिला): ACB DISTRICT P.S. (थाना): C.P.S Jaipur Year (वर्ष): 2025

2. FIR No. (प्र.सू.रि.सं): 0274 Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय): 17/10/2025 17:17 बजे

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धाराएँ) |
|---|---|---|
| 1 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 | 13(1)(c) |
| 2 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 | 13(1)(d) |
| 3 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 | 13(2) |
| 4 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 7(c) |
| 5 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 9 |
| 6 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 10 |
| 7 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 12 |
| 8 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 13(1)(a) |
| 9 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 13(2) |
| 10 | भा दं सं 1860 | 409 |
| 11 | भा दं सं 1860 | 193 |
| 12 | भा दं सं 1860 | 120-B |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 01/10/2017 **Date To (दिनांक तक):** 31/05/2022

**Time Period (समय अवधि):** पहर **Time From (समय से):** 10:00 बजे **Time To (समय तक):** 18:00 बजे

(b) Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई): Date (दिनांक): 16/10/2025 Time (समय): 16:00 बजे

(c) General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) : Entry No. (प्रविष्टि सं.): 001 Date & Time (दिनांक एवं समय) 17/10/2025 17:17:22 बजे

4. Type of Information (सूचना का प्रकार): लिखित

5. Place of Occurrence (घटनास्थल):

1. (a) Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी): NORTH-WEST, 06 किमी Beat No. (बीट सं.) : NOT APPLICAB

(b) Address(पता): KARALYA SUCHANA,PRODYAUGIKI, AVM SANCHAR VIBHAG,JAIPUR

(c In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)

Name of P.S (थाना का नाम):

District(State) (जिला (राज्य) ):

6. Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):

(a) Name(नाम): DR T N SHARMA ADVOKATE

(b) Father's Name (पिता का नाम): HARICHARAN SHARMA

(c) Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष): 1975 (d)Nationality(राष्ट्रीयता): INDIA

(e) UID No(यूआईडी सं.):

(f) Passport No. (पासपोर्ट सं.):

Date of Issue (जारी करने की तिथि):

Place of Issue (जारी करने का स्थान):

(g) Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण( राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):

| S.No. | Id Type | Id Number |
|---|---|---|

(h) Occupation (व्यवसाय):

(i) Address(पता):

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | 68/27, PRATAPNAGAR, SANGANER, SANGANER SADAR, JAIPUR CITY (SOUTH), RAJASTHAN, INDIA |
| 2 | स्थायी पता | 68/27, PRATAPNAGAR, SANGANER, SANGANER SADAR, JAIPUR CITY (SOUTH), RAJASTHAN, INDIA |

(j) Phone number (दूरभाष न.): Mobile (मोबाइल न.): [redacted]

7. Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):

Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Address (पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PRADYUMAN DIKSHIT | | पिता:V.K. DIKSHIT | 1. 209,JANTA COLONY BASANI,FIRST PHASE JODHPUR,JODHPUR CITY,RAJASTHAN,INDIA |
| 2 | RAKESH KUMAR KAMLESH | | पिता:KALURAM KAMLISH | 1. E-65,TARANAGAR,JHOTWARA,JOTWARA,JAIPUR (WEST),RAJASTHAN,INDIA |
| 3 | POONAM DIKSHT AVM OTHERA | | पत्नी:PRADYUMAN DIKSHT | 1. 209,JANTA COLONY BASANI,FIRST PHASE JODHPUR,JODHPUR CITY,RAJASTHAN,INDIA |

8. Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):

9. Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण( यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिक्के और मुद्रा | रुपये | | 37,54,405.00 |

10. Total value of property stolen(In Rs/-) (चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में) ): 37,54,405.00

11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या) |
|---|---|

12. First Information contents (Attach separate sheet, if necessary) (प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):

महोदय,

हालात इस प्रकार है कि परिवादी श्री टी.एन. शर्मा द्वारा प्रेषित परिवाद में अंकित किया कि:-

01. यह कि राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड जो कि सूचना प्रोद्योगिकी और संचार विभाग के अधीन एक सरकारी कम्पनी है, केन्द्र सरकार के उपक्रम NICSI के द्वारा आवश्यक मैन पावर लेता है एवं NICSI यह मैन पावर प्राइवेट कम्पनीयो से प्रबंध करके देता है। इसके लिए स्वंय राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड बताता है कि मैन पावर किस कम्पनी से लेनी है।

02. यह कि सूचना प्रोद्योगिकी और संचार विभाग के अधिकारी श्री प्रध्यूमन दिक्षित जो कि डेटा सेन्टर मे संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत है तथा राजकॉम्प के द्वारा डेटा सेन्टर का कार्य करवाते है।

03. यह कि प्रार्थी को जानकारी मिली कि श्री प्रध्यूमन दिक्षित के द्वारा एक प्राईवेट कम्पनी AURIONPRO के साथ साठ-गांठ कर इस कम्पनी को मैन पावर नियुक्त करने के मामले मे एवं डेटा सेन्टर के अन्य कार्यों मे अनुचित लाभ दिया गया तथा

इसके बदले मे अप्रैल 2019 से श्री प्रध्यूमन दिक्षित अपनी धर्मपत्नी श्रीमती पुनम पांडे उर्फ श्रीमती पुनम दिक्षित उर्फ श्रीमती पुनम को उक्त फर्म के द्वारा राजकॉम्प में फर्जी तरीके से नियुक्त दिखा रहे है एवं उक्त फर्म AURIONPRO अप्रैल 2019 से एक निश्चित राशि श्रीमती पुनम के अकाउण्ट में लगातार ट्रान्सफर कर रही है। वर्तमान में लगभग 1 लाख 60 हजार रूपये प्रतिमाह AURIONPRO के द्वारा श्रीमती पुनम के अकाउण्ट में लगातार हर माह ट्रान्सफर हो रहे है। श्रीमती पुनम का पैन नम्बर CEBPP2723L है एवं उनका मोबाईल नम्बर [redacted] एवं [redacted] है यहां तक कि श्रीमती पुनम की उपस्थिति भी श्री प्रध्यूमन दिक्षित स्वयं सत्यापित करते थे, जबकि श्रीमती पुनम आज तक कभी भी कार्यालय में नहीं आई है। इस प्रकार से श्री प्रध्यूमन ने अब तक कम से कम 50 लाख रूपये अपनी धर्मपत्नी श्रीमती पुनम के खाते में बिना कार्य के ट्रान्सफर करवाया।

04. यही नहीं October 2017 से श्री प्रध्यूमन दीक्षित की धर्मपत्नी के खाते में एक कम्पनी Triazine Software Pvt. Ltd के द्वारा रिश्वत के पैसे जमा करवाए गए। यह कंपनी Triazine Software Pvt. Ltd को एक अन्य कंपनी E Connect के द्वारा वर्क Outsource किया गया था एवं Work E Connect को श्री प्रध्यूमन दीक्षित के द्वारा ही दिया गया था। उस कार्य के एवज में श्री प्रध्यूमन दीक्षित रिश्वत अपनी बीवी के अकाउंट में ली। इन सबकी उच्च स्तरीय जांच आवश्यक है।

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर में याचिकाकर्ता /परिवादी श्री टी.एन. शर्मा द्वारा दायर एस.बी. क्रिमीनल रिवीजन पिटीशन संख्या 1224/2024 में पारित आदेश दिनांक 06.09.2024 की पालना में परिवादी/याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत परिवाद में अंकित तथ्यों का सत्यापन किया गया तत्पश्चात पाये गये तथ्यों की विधिवत जांच हेतु प्राथमिक जांच संख्या 58 दिनांक 03.07.2025 दर्ज कर जांच शुरू की गई।

दौराने प्राथमिक जांच आरोपिया पूनम दीक्षित/पूनम पांडे/पूनम के पैन नम्बर CEBPP2723L जिन खातों से लिंक था उन बैंको से सम्पर्क किया जाकर बैंक खातों का रिकॉर्ड प्राप्त किया गया जो निम्नानुसार है-

| क्र.सं. | बैंक का नाम | शाखा का नाम पता | खाता संख्या | धारक का नाम पता |
|---|---|---|---|---|
| 01 | एक्सिस बैंक | सिविल लाईन्स, जयपुर | [redacted] | पूनम दीक्षित |
| 02 | एक्सिस बैंक | सिविल लाईन्स, जयपुर | [redacted] | पूनम दीक्षित |
| 03 | एक्सिस बैंक | सिविल लाईन्स, जयपुर | [redacted] | पूनम दीक्षित |
| 04 | एक्सिस बैंक | सिविल लाईन्स, जयपुर | [redacted] | पूनम दीक्षित |
| 05 | एक्सिस बैंक | सिविल लाईन्स, जयपुर | [redacted] | प्रियाल दीक्षित उर्फ पूनम दीक्षित |
| 06 | आई.सी.आई.सी.आई बैंक | नोएडा | [redacted] | पूनम पाण्डेय |
| 07 | यस बैंक | जौहरी बाजार, जयपुर | [redacted] | पूनम दीक्षित |
| 08 | एच.डी.एफ.सी. बैंक | न्यू सांगानेर रोड, जयपुर | [redacted] | पूनम दीक्षित |
| 09 | एस.बी.आई. बैंक | तिलक मार्ग, जयपुर | [redacted] | श्री प्रध्यूमन दीक्षित एवं श्रीमति पूनम पांडेय के नाम से संयुक्त खाता |

एक्सिस बैंक खाता संख्या [redacted], जो पूनम दीक्षित के नाम व खाता संख्या [redacted] प्रियाल दीक्षित उर्फ पूनम दीक्षित के नाम होना पाया गया। आई.सी.आई.सी.आई बैंक शाखा नोएडा में खाता संख्या [redacted] जो पूनम पाण्डेय के नाम से होना पाया गया। यस बैंक, शाखा जौहरी बाजार, जयपुर में खाता संख्या [redacted] पूनम दीक्षित के नाम से होना पाया गया। एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा न्यू सांगानेर रोड, जयपुर में खाता संख्या [redacted] पूनम दीक्षित के नाम से होना पाया गया। एस.बी.आई. शाखा तिलक मार्ग, जयपुर में खाता संख्या [redacted] श्री प्रध्यूमन दीक्षित एवं श्रीमति पूनम पांडेय के नाम से संयुक्त खाता होना पाया गया है। जिस पर बैंको से उक्त खातों का रिकॉर्ड प्राप्त कर शामिल जांच किया गया।

परिवाद में अंकित AURIONPRO SOLUTION LIMITED व TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED कम्पनी से प्राप्त रिकॉर्ड एवं सूचना, प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, राज. जयपुर से प्राप्त रिकॉर्ड , श्रीमति पूनम दीक्षित/पूनम पांडेय/पूनम के विभिन्न बैंक खातों के प्राप्त रिकॉर्ड एवं बयान श्री वरूण दता ऑपरेशन मैनेजर AURIONPRO SOLUTION LIMITED कम्पनी ब्रांच ऑफिस, श्री अनिल मोरे ड्रायरेक्टर-की अकाउण्ट मैनेजमेन्ट E-CONNECT कम्पनी उदयपुर, ब्रांच ऑफिस जयपुर, श्री अभिनव कुमार ड्रायरेक्टर TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED कम्पनी नोयडा, श्री प्रध्यूमन दीक्षित संयुक्त निदेशक व श्री राकेश कुमार कमलेश उप निदेशक सूचना, प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, जयपुर से प्राप्त रिकॉर्ड/स्पष्टीकरण प्राप्त कर शामिल जांच किये गये। श्री कौशल सुरेश गुप्ता मैनेजर फाईनेंस राजकाम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर के बयान लिये जाकर संबंधित रिकॉर्ड प्राप्त कर शामिल जांच किया गया । श्री प्रद्युमन दीक्षित द्वारा उधार दिये गये रूपयों के संबंध में श्री कोकल शर्मा द्वारा पेश रिकॉर्ड को शामिल जांच किया गया।

श्रीमति पूनम दीक्षित/पूनम पांडेय/पूनम के विभिन्न बैंक खातों के विश्लेषण से निम्नानुसार तथ्य सामने आये है:-

दिनांक 03.04.2019 को AURIONPRO SOLUTION LIMITED कम्पनी द्वारा आई.सी.आई.सी.आई बैंक शाखा

नोएडा में खाता संख्या [redacted] जो पूनम पांडेय के नाम पर है उसमें [redacted]-रूपये क्रेडिट किये गये है।

इसी बैंक खाते में TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED कंपनी द्वारा निम्नानुसार रूपये क्रेडिट किये गये है:-

| क्र.सं. | दिनांक | जमा की गई राशि | जमा कर्ता | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 09.11.2017 | 24000/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 2 | 07.12.2017 | 24000/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 3 | 23.01.2018 | 24000/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 4 | 01.02.2018 | 24000/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 5 | 15.03.2018 | 24000/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 6 | 10.04.2018 | 24000/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 7 | 04.06.2018 | 48000/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 8 | 28.09.2018 | 72000/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 9 | 02.11.2018 | 48000/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 10 | 02.11.2018 | 290224/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 11 | 03.12.2018 | 21600/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 12 | 03.01.2019 | 21600/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 13 | 03.04.2019 | 209552/- | AURIONPRO कम्पनी | जनवरी, फरवरी, मार्च 2019 का वेतन |
| 14 | 02.05.2019 | 270000/- | TRIAZINE कंपनी | सॉफटवेयर सपोर्ट ओर डॉक्यूमेन्टेसन (IGLProject) का फ्रीलांसिग कार्य |
| 15 | 18.11.2019 | 226800/- | TRIAZINE कंपनी | सॉफटवेयर सपोर्ट ओर डॉक्यूमेन्टेसन (JAUNTFIX Project) का फ्रीलांसिग कार्य |
| 16 | 09.06.2021 | 225995/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 17 | 01.07.2021 | 69443/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 18 | 02.08.2021 | 69443/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 19 | 01.09.2021 | 69443/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 20 | 01.10.2021 | 69443/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 21 | 01.11.2021 | 69443/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 22 | 02.12.2021 | 69443/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 23 | 03.01.2022 | 69443/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 24 | 01.02.2022 | 69443/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 25 | 04.03.2022 | 69443/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 26 | 06.04.2022 | 63895/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 27 | 10.05.2022 | 64625/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| 28 | 02.06.2022 | 64625/- | TRIAZINE कंपनी | वेतन |
| | कुल योग | 2395903/- | | |

AURIONPRO SOLUTION LIMITED कम्पनी द्वारा एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा न्यू सांगानेर रोड, जयपुर में खाता संख्या [redacted] जो पूनम दीक्षित के नाम से है, में निम्नानुसार रूपये क्रेडिट किये गये है:-

| क्रम सं. | दिनांक | जमा की गई राशि | जमा कर्ता | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 09.05.2019 | 74,401/- | AURIONPRO कम्पनी | वेतन |
| 2 | 07.06.2019 | 74,401/- | AURIONPRO कम्पनी | वेतन |
| 3 | 05.07.2019 | 74,389/- | AURIONPRO कम्पनी | वेतन |
| 4 | 06.08.2019 | 74,401/- | AURIONPRO कम्पनी | वेतन |
| 5 | 12.09.2019 | 74,401/- | AURIONPRO कम्पनी | वेतन |
| 6 | 10.10.2019 | 71,654/- | AURIONPRO कम्पनी | वेतन |
| 7 | 11.11.2019 | 74,483/- | AURIONPRO कम्पनी | वेतन |
| 8 | 16.12.2019 | 74,484/- | AURIONPRO कम्पनी | वेतन |

9 14.02.2020 1,58,912/- AURIONPRO कम्पनी वेतन
10 06.03.2020 70,091/- AURIONPRO कम्पनी वेतन
11 07.04.2020 70534/- AURIONPRO कम्पनी वेतन
12 11.05.2020 74401/- AURIONPRO कम्पनी वेतन
13 10.06.2020 74401/- AURIONPRO कम्पनी वेतन
14 09.07.2020 74389/- AURIONPRO कम्पनी वेतन
15 07.08.2020 74401/- AURIONPRO कम्पनी वेतन
16 03.09.2020 74401/- AURIONPRO कम्पनी वेतन
17 06.10.2020 74401/- AURIONPRO कम्पनी वेतन
18 18.11.2022 19957/- AURIONPRO कम्पनी वेतन
कुल योग राशि 13,58,502/-

बैंक खातों के अवलोकन से एस.बी.आई. शाखा तिलक मार्ग, जयपुर में खाता संख्या [redacted] श्री प्रध्यूमन दीक्षित एवं श्रीमति पूनम पूनम पांडे के नाम से संयुक्त खाता होना पाया गया है। जिसमें दिनांक 07.11.2017 से 17.01.2019 तक 25,000-25,000 रूपये की 15 बार CEMTEX DEPBY SALARY के रूप में राशि जमा होने के संबंध में श्री प्रद्युमन दीक्षित से जानकारी चाही तो लिखित में अवगत करवाया कि श्री कोकल शर्मा को रूपयों की आवश्यकता होने पर 3,75,000/- रूपये का दिनांक 16.07.2015 को एक चैक नम्बर 204011 खाता संख्या [redacted] आईसीआईसीआई बैंक का दिया था उसी दिन 3,75,000/- रूपये श्री सुरेन्द्र सैनी द्वारा केश निकाले गये हैं। श्री कोकल शर्मा द्वारा 3,75,000/- रूपये को 25,000-25,000 रूपये की किश्त के हिसाब से खाता संख्या [redacted] में जमा कराये गये थे। श्री प्रद्युमन दीक्षित व श्रीमती पूनम पूनम पांडे के इस संयुक्त खाते में दिनांक 16.07.2015 को 3,75,000/- रूपये जमा होना तथा उसी दिन 3,75,000/- रूपये श्री कोकल शर्मा को जरिये चैक उधार देना व श्री सुरेन्द्र सैनी द्वारा बैंक से रूपये उसी दिन Withdrawal किया जाना। यह 3,75,000/- रूपये श्री प्रद्युमन दीक्षित के पास खाता संख्या [redacted] में कहां से आया है इस संदिग्ध राशि के संबंध में विस्तृत जांच किया जाना आवश्यक है।

श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे द्वारा कंपनीयों में किये गये कार्य/नियुक्ति का विवरण:-

| क्र.सं. | कम्पनी का नाम | कब से कब तक नियुक्त रही | किस पद पर नियुक्त रही |
|---|---|---|---|
| 01. | TRIAZINE | 01.10.2017 से 31.12.2018 तक | सॉफटवेयर इंजीनियर |
| 02. | AURIONPRO | 16.01.2019 से 30.09.2020 तक | Sr. DEVOPS |
| 03. | TRIAZINE | जनवरी 2019 से अप्रैल 2019 तक | फ्रीलांसिग |
| 04. | TRIAZINE | अगस्त 2019 से नवम्बर 2019 तक | फ्रीलांसिग |
| 05. | TRIAZINE | 01.03.2021 से 31.05.2022 तक | क्वालिटी एनालिस्ट |

| किसके रेफरेंस से नियुक्त हुई | कार्य विवरण | कार्य सत्यापन कर्ता |
|---|---|---|
| 1. कम्पनी के कर्मचारी निशान्त ठाकुर बिजनेस एनालिस्ट | सॉफटवेयर इंजीनियर के पद पर ट्रेफिक एवं पार्किंग एप्लीकेशन पर कार्य किया गया। | - |
| 2. श्री प्रद्युमन दीक्षित हाल संयुक्त निदेशक | राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड में Sr. DEVOPS के पद पर कार्य किया। | श्री प्रद्युमन दीक्षित श्री राकेश कुमार कमलेश |
| 3. - | सॉफटवेयर सपोर्ट ओर डॉक्यूमेन्टेसन (IGL Project) का फ्रीलांसिग | - |
| 4. - | सॉफटवेयर सपोर्ट ओर डॉक्यूमेन्टेसन (JAUNTFIX Project) का फ्रीलांसिग | - |
| 5. पूर्व में कंपनी में नियुक्त रही, दुबारा पूनम पांडे स्वयं के रेफरेंस से नियुक्त हुई | क्वालिटी एनालिस्ट का कार्य ट्रेफिक एवं पार्किंग एप्लीकेशन का कार्य किया गया। | - |

श्रीमति पूनम दीक्षित/पूनम पांडेय/पूनम की Monthly Performance Report तथा AURIONPRO SOLUTION LIMITED कम्पनी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार श्रीमति पूनम दीक्षित दिनांक 16.01.2019 से 30.09.2020 तक सीनीयर डवलपर के पद पर उक्त कम्पनी में पदस्थापित रहकर राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड में कार्य किया गया। जिसकी Monthly Performance Report श्री प्रध्यूमन दीक्षित संयुक्त निदेशक द्वारा जनवरी 2019 से अक्टुबर 2019 तक व श्री राकेश कुमार कमलेश उप निदेशक सूचना, प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, जयपुर द्वारा नवम्बर 2019 से मार्च

2020 तक अपने हस्ताक्षर सहित कम्पनी को प्रेषित किये गये है। इसी समयावधि में उक्त कम्पनी को सूचना, प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग द्वारा टेण्डर्स/कार्यादेश जारी किये गये/कार्य पैण्डिग था तथा श्रीमति पूनम दीक्षित का उसी समयावधि में TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED कंपनी फ्रीलासिंग के तौर पर कार्य किया जाना पाया गया है।

सूचना, प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग द्वारा जारी AURIONPRO SOLUTION LIMITED कम्पनी, TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED कम्पनी, E CONNECT SOLUTION PRIVATE LIMITED कम्पनी को जारी किये टेण्डर/कार्यादेश जिसमें श्री प्रध्यूमन दीक्षित संयुक्त निदेशक, श्री राकेश कुमार कमलेश उप निदेशक सूचना, प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, जयपुर की भूमिका रही है का विवरणः-

| क्र.सं. | कम्पनी का नाम | टेण्डर/कार्यादेश | जारी दिनांक |
|---|---|---|---|
| 01. | E CONNECT | F3.3(172)/RISL/Pur/2017/5499 | 18.01.2018 |
| 02. | E CONNECT | F3.3(446)/RISL/Pur/2023/1535 | 05.06.2023 |
| 03. | E CONNECT | F3.3(452)/RISL/Pur/2023/9024 | 15.03.2024 |
| 04. | E CONNECT | F3.3(531)/RISL/Pur/2024/7261 | 31.12.2024 |
| 05. | TRIAZINE | F3.3(475)/RISL/Pur/2023/8183 | 10.02.2025 |
| 06. | TRIAZINE | F3.3(399)/RISL/Pur/2022/2235 | 27.06.2023 |

| टेण्डर/कार्यादेश जारी करने वाली समिति के नाम व पदनाम | कार्य नियंत्रण अधिकारी का नाम व पदनाम | कम्पनी को भुगतान करने वाले सदस्यो (चैन) के नाम व पदनाम |
|---|---|---|
| 1. श्री प्रद्युमन दीक्षित संयुक्त निदेशक | श्री प्रद्युमन दीक्षित | श्री प्रद्युमन दीक्षित |
| 2. श्री प्रद्युमन दीक्षित संयुक्त निदेशक | श्री प्रद्युमन दीक्षित | श्री प्रद्युमन दीक्षित |
| 3. श्री प्रद्युमन दीक्षित संयुक्त निदेशक | श्री प्रद्युमन दीक्षित | श्री प्रद्युमन दीक्षित |
| 4. श्री प्रद्युमन दीक्षित संयुक्त निदेशक | श्री प्रद्युमन दीक्षित | श्री प्रद्युमन दीक्षित |
| 5. श्री प्रद्युमन दीक्षित संयुक्त निदेशक | श्री प्रद्युमन दीक्षित | श्री प्रद्युमन दीक्षित |
| 6. श्री प्रद्युमन दीक्षित संयुक्त निदेशक | श्री प्रद्युमन दीक्षित | श्री प्रद्युमन दीक्षित |

AURIONPRO SOLUTION LIMITED कम्पनी का मुख्य कार्य आईटी सॉफटवेयर सॉल्यूशन, आर्टिफिशल इंटेलीजेंस, डेटा सेन्टर, स्मार्ट गवर्नेंस, ट्रांजिट एण्ड स्मार्ट मोबिलिटी है। इस कम्पनी का हैड ऑफिस मुम्बई में है तथा इसकी ब्रांच ऑफिस सी-स्कीम जयपुर में है। वर्ष 2013 से वर्ष 2025 तक सूचना प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान जयपुर द्वारा कुल 05 टेण्डर/12 कार्यादेश जारी किये गये हैं। वर्तमान में सूचना प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग एवं राजकॉम्प इन्फो. सर्विस लि. द्वारा दो टेण्डर (3डी स्मार्ट सिटी व जनाधार) पर कार्य किया जा रहा है।

TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED कम्पनी का मुख्य कार्य सॉफटवेयर सॉल्यूशन, आर्टिफिशल इंटेलीजेंस, मोबाईल एप्लीकेशन, सॉफटवेयर टेस्टिंग, टेक्निकल डॉक्यूमेन्टसन, सॉफटेवयर सपोर्ट सर्विसेज है। दिसम्बर 2022 से मई 2025 तक सूचना प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान जयपुर द्वारा कुल 07 कार्यादेश जारी किये गये हैं। वर्तमान में सूचना प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग एवं राजकॉम्प इन्फो. सर्विस लि. द्वारा कोई वर्क ऑर्डर नहीं दिया गया है।

E CONNECT कम्पनी जिसका हैड ऑफिस उदयपुर है तथा कम्पनी की एक ब्रांच भवानी सिंह रोड, जयपुर में है। कम्पनी का मुख्य कार्य सॉफटवेयर बनाना है तथा हार्डवेयर एवं सिस्टम सॉफटवेयर की मैन्टीनेंस का कार्य है जिसमें से राजस्थान सरकार के विभाग भी शामिल है जैसे राजस्थान स्टाफ सलेक्शन बोर्ड में सॉफटवेयर बनाना, सूचना प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग का सम्पर्क पोर्टल बनाना आदि कार्य कम्पनी के द्वारा किये गये तथा इनकी मैन्टीनेंस का कार्य भी कम्पनी के द्वारा ही किया जा रहा है। वर्ष 2020 से वर्ष 2025 तक सूचना प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान जयपुर द्वारा कुल 42 कार्यादेश/टेण्डर जारी किये गये हैं।

इस प्रकार सूचना प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, जयपुर द्वारा AURIONPRO SOLUTION LIMITED कम्पनी को वर्ष 2013 से लगातार वर्क ऑर्डर जारी किये गये हैं तथा वर्तमान में भी इस कम्पनी के पास वर्क ऑर्डर चल रहे हैं तथा TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED कम्पनी को दिसम्बर 2022 से वर्ष 2025 तक लगातार वर्क ऑर्डर जारी किये गये तथा E CONNECT कम्पनी को वर्ष 2020 से वर्ष 2024 तक लगातार वर्क ऑर्डर जारी किये गये। इन कम्पनीयों को जारी किये गये टेण्डर/वर्कऑर्डर में श्री प्रध्यूमन दीक्षित संयुक्त निदेशक सूचना, प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, जयपुर कार्य नियंत्रण अधिकारी, टेण्डर/कार्यादेश जारी करने वाली समिति व भुगतान करने वाले सदस्यों में शामिल है। E CONNECT कम्पनी के ड्रायरेक्टर-की अकाउण्ट मैनेजमेन्ट श्री अनिल मोरे ने अपने बयानों में बताया कि अक्टुबर 2017 से सितम्बर 2019 में E CONNECT कम्पनी को राजकॉम्प इन्फो. सर्विस लि. आईबीएम मोबाईल फर्स्ट प्लेटफार्म का

टेण्डर मिला जिसके टेण्डर/कार्यादेश संख्या F3.3(172)/RISL/Pur/2017/5499 दिनांक 18.01.2018 है, जिसमें क्रियान्वित करने के लिए TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED कम्पनी ने पूरे कार्य के दौरान मैन पावर काम लिए गये जिसकी उपस्थिति प्रमाण पत्र सूचना प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान जयपुर द्वारा दिया गया, जिन्हे तीन अधिकारी सत्यापित करते थे जिनमें श्री प्रद्युमन दीक्षित एसीपी उप निदेशक सूचना प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान जयपुर भी थे, जो इस टेण्डर/कार्यादेश के ओआईसी थे।

श्री प्रद्युमन दीक्षित वर्ष 2014 में सूचना प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान जयपुर में उप निदेशक के पद पर पदस्थापित हुये तथा वर्तमान में पदोन्नत होकर संयुक्त निदेशक के पद पर सूचना प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान जयपुर में पदस्थापित हैं तथा श्री प्रद्युमन दीक्षित राजकॉम्प इन्फो. सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर में भी कार्य किया गया था। जिनका आईटी ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट, टेक्निकल व प्रशासनिक संबंधी कार्य है। श्री प्रद्युमन दीक्षित ने वर्ष 2015 में श्रीमती पूनम पांडे पुत्री अनिल कुमार पांडे निवासी नवाबगंज तहसील कानपुर जिला कानपुर उत्तरप्रदेश से शादी की थी। शादी के पश्चात श्रीमती पूनम पांडे ने अपना सरनेम श्रीमती पूनम दीक्षित कर लिया।

श्री राकेश कुमार कमलेश वर्ष 2013 में राजसमंद में प्रोग्रामर के पद पर पदस्थापित होना उसके बाद वर्ष 2021-2022 में उप निदेशक(एसीपी) के पद पर पदोन्नत होना जानकारी में आया व वर्तमान में उप निदेशक(एसीपी) के पद पर सूचना, प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, जयपुर में पदस्थापित है। जिनका आईटी ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट, टेक्निकल व प्रशासनिक संबंधी कार्य है।

सूचना प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग राज. जयपुर द्वारा AURIONPRO SOLUTION LIMITED, TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED व E CONNECT SOLUTION PRIVATE LIMITED कम्पनीयों को टेण्डर/कार्यादेश जारी किये गये है तथा विभाग में श्री प्रध्यूमन दीक्षित संयुक्त निदेशक राजकॉम्प इन्फो. सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर राज. के पद पर उपरोक्त अवधि में पदस्थापित रहे है तथा डेटा सेन्टर का कार्य उन्ही के अधीन आता है। इसके अतिरिक्त सेवायें/मैन पॉवर प्राप्त करने के लिये संबंधित एजेन्सीयों का प्रस्ताव भी NICSI को राजकॉम्प द्वारा ही भिजवाया जाता है। राजकॉम्प इंफो सर्विसेज में संयुक्त निदेशक का काम निविदाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना होता है वे निविदा प्रक्रिया की निगरानी, मूल्यांकन और अनुमोदन में शामिल होते है। इसके अलावा वे तकनीकी पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान करते है और यह सुनिश्चित करते है कि निविदायें नियमों और विनियमों के अनुसार हों तथा जांच एवं रिकॉर्ड से यह भी तथ्य परिलक्षित होता है कि श्री प्रध्यूमन दीक्षित ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुये एवं प्रभाव का इस्तेमाल स्वंय के लिये अनुचित लाभ व रिश्वत प्राप्त करने के लिये AURIONPRO SOLUTION LIMITED कम्पनी में श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे को अपने स्वयं के रेफरेंस से नियुक्ति दिलाई गई है तथा बिना कार्य संपादन के ही श्री प्रध्यूमन दीक्षित व श्री राकेश कुमार कमलेश द्वारा श्रीमति पूनम दीक्षित की Monthly Performance Report कम्पनीयों को भेजी गई तथा कम्पनीयों द्वारा इन अधिकारीगणों को अवैध रिश्वत राशि श्रीमति पूनम दीक्षित के बैंक खातों में वेतन के रूप में भुगतान करना पाया गया है।

श्री प्रध्यूमन दीक्षित संयुक्त निदेशक व श्री राकेश कुमार कमलेश उप निदेशक सूचना, प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, जयपुर द्वारा बिना उपस्थिति रजिस्टर के प्रमाणित कर उपस्थिति बनाकर भेजते रहे। श्री प्रध्यूमन दीक्षित संयुक्त निदेशक द्वारा जनवरी 2019 से अक्टुबर 2019 तक व अप्रैल 2020 से सितम्बर 2020 तक व श्री राकेश कुमार कमलेश हाल उप निदेशक द्वारा नवम्बर 2019 से मार्च 2020 तक श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे की Monthly Performance Report जारी की गई है। श्री प्रध्यूमन दीक्षित व श्री राकेश कुमार कमलेश ने अपने अपने स्पष्टीकरण में श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे द्वारा क्या कार्य किया गया जिसके आधार पर उसकी Monthly Performance Report जारी की गई, यह बताने में असमर्थ रहे हैं तथा श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे के कार्य विवरण सम्बन्धित कोई रिकॉर्ड व उपस्थिति के संबंध में कोई दस्तावेज पेश नहीं किया गया।

श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे द्वारा TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED कम्पनी दिनांक 01.10.2017 से 31.12.2018 तक सॉफटवेयर इंजीनियर के पद पर नियुक्त रही। TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED कम्पनी में श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे कम्पनी के कर्मचारी निशान्त ठाकुर बिजनेस एनालिस्ट के रेफरेन्स से सॉफटवेयर इंजीनियर के पद पर ज्वाईनिंग हेतु बायोडाटा भेजा गया उस बायोडाटा को एचआर व उसकी टीम द्वारा दस्तावेज चैक कर सॉफटवेयर इंजीनियर के पद पर दिनांक 01.10.2017 को ज्वाईनिंग दी गई।

AURIONPRO SOLUTION LIMITED कम्पनी में 16.01.2019 से 30.09.2020 तक सीनीयर डवलपर के पद पर नियुक्त रही। AURIONPRO SOLUTION LIMITED कम्पनी में दिनांक 08.01.2019 को श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे ने Sr. Software Devloper पद के लिये अपना बायोडाटा जरिये ईमेल के द्वारा कंपनी के सेल्स मैनेजर श्री विवके जैन के ईमेल पते पर भेजा गया। उसके बाद श्री विवके जैन ने उक्त बायोडाटा कंपनी एचआर श्रीमती नेहा शर्मा को भेजा गया था जिसके बाद कंपनी के द्वारा श्रीमती पूनम दीक्षित के दस्तावेज चैक करके इंटरव्यू लिया गया था उसके आधार पर श्रीमती पूनम दीक्षित को दिनांक 16.01.2019 को Sr. DEVOPS के पद पर नियुक्ति दी गई। AURIONPRO SOLUTION

LIMITED कम्पनी से रिकॉर्ड प्राप्त किया गया जिसमें कम्पनी द्वारा 119 नामों की सूचि पेश की गई जिसमें क्रम संख्या 23 पर श्रीमती पूनम दीक्षित पुत्री श्री अनिल कुमार पांडे सीनियर डवलपर्स के पद पर दिनांक 16.01.2019 से 30.09.2020 तक श्री प्रद्युमन दीक्षित का क्लाईंट रेफरेंस अंकित किया गया है तथा इस कम्पनी में प्रद्युमन दीक्षित के अधीन कार्य किया गया है।

इसके अलावा AURIONPRO SOLUTION LIMITED कम्पनी में नियुक्त रहने के दौरान ही TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED कम्पनी में श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे जनवरी 2019 से अप्रैल 2019 तक सॉफटवेयर सपोर्ट ओर डॉक्यूमेन्टेसन (IGL Project) का फ्रीलासिग कार्य दिया जिसके लिये 02 मई 2019 को कार्य पूर्ण कर ईमेल के जरिये इनवॉइस कम्पनी को दिया गया इस प्रोजेक्ट पर श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे कुछ महीनो के लिए फ्रीलासिंग के तौर पर डाक्युमेंट ईत्यादि का काम प्रोजेक्ट को सर्पोर्ट करने के लिए दिया गया, इस फ्रीलासिंग अवधि मे किये गये काम व डाक्युमेन्ट कम्पनी के सर्वर पर रिमोटली एक्सेस करके दिया गया क्योकि श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे अपने कार्य अवधि के दौरान वर्क फॉर्म होम करती थी और उन्हे कम्पनी के सर्वर का रिमोट एक्सेस था इस फ्रीलासिंग कार्य के बदले दिनांक 02.05.2019 को 2,70,000 रूपये एवं अगस्त 2019 से नवम्बर 2019 तक सॉफटवेयर सपोर्ट ओर डॉक्यूमेन्टेसन (JAUNTFIX Project) का फ्रीलांसिग कार्य दिया जिसके लिये 14 नवम्बर 2019 को कार्य पूर्ण कर ईमेल के जरिये इनवॉइस एवं सम्बधित डाक्युमेन्ट कम्पनी को भेजा गया जिस पर दिनांक 18.11.2019 को 2,26,800 रूपये श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे के बैंक खाता संख्या [redacted] आईसीआईसीआई बैंक में भुगतान किया गया। उक्त कार्य के सम्बन्ध में कि क्या कार्य वस्तुतः किया गया था का विवरण कम्पनी से चाहा गया तो इन्होने प्रत्यूत्तर दिया इससे स्पष्ट था कि अगस्त 2019 से नवम्बर 2019 तक फ्रीलासिंग कार्य में तो इनवॉईस व कार्य का विवरण कम्पनी द्वारा भेजा गया लेकिन जनवरी 2019 से अप्रैल 2019 तक सॉफटवेयर सपोर्ट ओर डॉक्यूमेन्टेसन (IGL Project) का फ्रीलांसिग कार्य दिया। इस फ्रीलासिंग अवधि मे कम्पनी द्वारा इनवॉइस तो भेजा गया लेकिन कम्पनी में क्या कार्य किया गया इसका विवरण कम्पनी द्वारा नहीं भेजा गया इससे स्पष्ट था कि श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे ने इस अवधि में कोई कार्य नहीं किया गया व बिना कार्य किये ही वेतन के रूप में राशि प्राप्त की गई। साथ ही यहां यह उल्लेखित है कि इस अवधि में श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे एक नियमित कार्मिक के रूप में AURIONPRO SOLUTION LIMITED कम्पनी में कार्यरत थी ओर इस कम्पनी के शर्तो के अनुसार वो इस कम्पनी में कार्य कर रही है तो इस प्रकार किसी अन्य कार्य को नहीं कर सकती थी।

श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED कम्पनी में दिनांक 01.03.2021 से 31.05.2022 तक क्वालिटी एनालिस्ट के पद पर नियुक्त रही। यह पूर्व में इस कम्पनी में नियुक्त रहकर कार्य किया दुबारा पूनम पांडे स्वयं के रेफरेंस से कम्पनी में नियुक्त हुई है।

श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे ने AURIONPRO SOLUTION LIMITED कम्पनी तथा TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED दोनो कम्पनीयों में एक ही समायवधि में कार्य कर वेतन प्राप्त किया गया। जो श्री प्रध्यूमन दीक्षित ने अपने पद का दुरूपयोग करते हुये एवं प्रभाव का इस्तेमाल स्वंय के लिये अनुचित लाभ व रिश्वत प्राप्त करने के लिये श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे को दो कम्पनीयों में एक ही समयावधि में कार्य करना दर्शाकर वेतन के रूप में रिश्वत प्राप्त की गई।

फर्मो द्वारा विभाग को प्रदत्त सेवाओं के भुगतान में विभाग के अधिकारीगणों ने इन फर्मो को अवैधानिक लाभ दिया गया व उसके प्रतिफलन में AURIONPRO SOLUTION LIMITED व TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED नामक कम्पनीयों/फर्मो से अपनी पत्नि के खातों में वर्ष 2017 से 2022 तक कुल राशि 37,54,405/- वेतन के रूप में प्राप्त हुई व बिना कार्य किये एवं बिना उपस्थिति के अपनी पत्नि का उपस्थिति प्रमाणित कर फर्मो को प्रेषित किया। फर्मो ने अवैध लाभ प्राप्ति की प्रत्याशा में एवं प्राप्ति उपरांत श्री प्रध्यूमन दीक्षित की अनुशंषा पर उसकी पत्नि श्रीमति पूनम पांडेय को अपने यहां कागजी नियुक्ति (बिना कार्य के) दिखा कर अवैध रिश्वत राशि को वेतन के रूप में दर्शाकर भुगतान किया जो इनकी (प्रध्यूमन दीक्षित व पूनम पांडेय) स्पष्ट रूप से आपराधिक मिलीभगति को दर्शाता है।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर श्री प्रध्यूमन दीक्षित द्वारा अपने पद का दुरूपयोग व अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुये सूचना, प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग व राजकॉम्प में सेवायें दे रही AURIONPRO SOLUTION LIMITED व TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED कम्पनीयों में अपनी पत्नि श्रीमति पूनम दीक्षितम/पूनम पांडेय/पूनम को कागजी नियुक्ति दिलवाया जाना व बिना कार्य किये ही श्रीमति पूनम दीक्षित की Monthly Performance Report जारी करना एवं अपनी पत्नि श्रीमति पूनम दीक्षित के बैंक खातों में रिश्वत राशि प्राप्त करना प्रथम दृष्टया पाया गया है। श्री प्रध्यूमन दीक्षित संयुक्त निदेशक व श्री राकेश कुमार कमलेश उप निदेशक सूचना, प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, जयपुर द्वारा AURIONPRO SOLUTION LIMITED, TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED कम्पनियों के प्रतिनिधियों से मिलीभगत कर श्रीमती पूनम दीक्षित/पूनम पांडे को कागजी नियुक्ति (बिना कार्य के) दिखा कर अवैध रिश्वत राशि को वेतन के रूप में दर्शाकर भुगतान प्राप्त किया।

अतः श्री प्रद्युमन दीक्षित ए.सी.पी. (उप निदेशक) राजकॉम्प इन्फो. सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर, श्री राकेश कुमार

कमलेश उप निदेशक सूचना, प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, जयपुर, श्रीमति पूनम दीक्षित/पूनम पांडेय/पूनम तथा AURIONPRO SOLUTION LIMITED व TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED नामक कम्पनीयों एवं उनके संबंधित अधिकारीगणों द्वारा धारा 13(1)(सी)(डी), 13 (2)भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 एवं धारा 409,193,120 बी भादस एवं धारा 7(सी),9,10,12,13(1)(ए), 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) एवं धारा 409,193,120 बी भादस का अपराध प्रथम दृष्टया कारित किया जाना पाया गया है।

अतः आरोपीगण 01. श्री प्रद्युमन दीक्षित पुत्र श्री वी.के. दीक्षित उम्र 41 वर्ष निवासी 209, जनता कॉलोनी बासनी फर्स्ट फेज जोधपुर, राजस्थान हाल ए.सी.पी. (उप निदेशक) राजकॉम्प इन्फो. सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर, 02. श्री राकेश कुमार कमलेश पुत्र कालुराम कमलेश उम्र 37 वर्ष निवासी ई-65 तारानगर, झोटवाडा जयपुर राजस्थान हाल उप निदेशक सूचना, प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, जयपुर, 03. श्रीमति पूनम दीक्षित/पूनम पांडेय/पूनम पत्नी प्रद्युमन दीक्षित निवासी 209, जनता कॉलोनी बासनी फर्स्ट फेज जोधपुर, राजस्थान 04. AURIONPRO SOLUTION LIMITED कम्पनी के अधिकारीगण व अन्य 05. TRIAZINE SOFTWARE PRIVATE LIMITED कम्पनी के अधिकारीगण व अन्य के विरूद्ध उपरोक्त धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किये जाने हेतु प्रारूप बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट वास्ते अवलोकनार्थ श्रीमान की सेवा में प्रेषित है।

(मुकेश यादव)
उप अधीक्षक पुलिस
अपराध शाखा (एसआईटी),
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,
राजस्थान जयपुर।...........कार्यवाही पुलिस...........प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त टाईपशुदा बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्री मुकेश यादव उप अधीक्षक पुलिस, अपराध शाखा (एसआईटी) भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर ने प्रेषित की है मजमून रिपोर्ट से जुर्म अन्तर्गत धारा 13(1)(सी)(डी), 13 (2)भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 एवं धारा 409,193,120 बी भादस एवं धारा 7(सी),9,10,12,13(1)(ए), 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) एवं धारा 409,193,120 बी भादस में आरोपीगण 01. श्री प्रद्युमन दीक्षित पुत्र श्री वी.के. दीक्षित उम्र 41 वर्ष निवासी 209, जनता कॉलोनी बासनी फर्स्ट फेज जोधपुर, राजस्थान हाल ए.सी.पी. (उप निदेशक) राजकॉम्प इन्फो. सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर, 02. श्री राकेश कुमार कमलेश पुत्र कालुराम कमलेश उम्र 37 वर्ष निवासी ई-65 तारानगर, झोटवाडा जयपुर राजस्थान हाल उप निदेशक सूचना, प्रोद्यौगिकी एवं संचार विभाग, जयपुर, 03. श्रीमति पूनम दीक्षित/पूनम पांडेय/पूनम पत्नी प्रद्युमन दीक्षित निवासी 209, जनता कॉलोनी बासनी फर्स्ट फेज जोधपुर, राजस्थान व अन्य) के विरूद्ध पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियां नियमानुसार जारी की गई। उक्त प्रकरण में अनुसंधान अधिकारी श्री नीरज गुरनानी, उप पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,जयपुर नगर प्रथम को मनोनित किया गया है। उक्त की रोजनामचाआम 498 पर अंकित है। (पुष्पेन्द्र सिंह राठौड) पुलिस अधीक्षक-प्रशासन, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर। क्रमांक 1551-54 दिनांक 17.10.2025 प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-1. विशिष्ठ न्यायाधीश एवं सैशन न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, जयपुर क्रम संख्या-01,जयपुर।2.उप महानिरीक्षक-मुख्यालय, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर 3. उप महानिरीक्षक-द्वितीय, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर 4-शासन सचिव, कार्मिक (क-3/शिकायत) विभाग, राजस्थान जयपुर 5-अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अपराध शाखा (एसआईटी) भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर । पुलिस अधीक्षक-प्रशासन, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर।, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान जयपुर।

13. Action taken : Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.
(की गई कार्यवाही: चूँकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता हैं कि अपराध करने का तरीका मद सं.2 में उल्लेख धारा के तहत हैं):

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जाँच के लिए लिया गया):**

**or (या)**

(2) **Directed (Name of I.O.): (जाँच अधिकारी का नाम ):** NEERAJ GURNANI **Rank (पद):** उप अधीक्षक पुलिस/पुलिस उपाधीक्षक

**No(सं.):** **to take up the Investigation (को जाँच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or(या)**

(3) **Refused investigation due to (जाँच के लिए) :**

**or (के कारण इंकार किया, या)**

(4) **Transferred to P.S.(थाना):** **District (जिला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित) .**

F.I.R.read over to the complainant/informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant/informant free of cost.

**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गई, सही दर्ज हुई माना और एक प्रति निःशुल्क शिकायतकर्ता को दी गई|)**
R.O.A.C.(आर.ओ.ए.सी.)

14. **Signature/Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान):**

**Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

Signed by: Pushpendra Singh Rathore
Location: Rajasthan,IN[illegible]
Date: 1[illegible]0/2025 [illegible]4

**Name(नाम):** Pushpendra Singh Rathore
**Rank (पद):** SP (Superintendant of Police)
**No(सं.):**

15. **Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):

Physical features, deformities and other details of the suspect/accused:(If known/seen )
(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण :(यदि ज्ञात / देखा गया))

| S.No.(क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date/Year of Birth ( जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height(cms.) (कद(से.मी)) | Complexion (रंग ) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | 23/03/1984 | | | | |
| 2 | Male | 01/07/1988 | | | | |
| 3 | Female | 1988 | | | | |

| Deformities/ Peculiarities (विकृतियाँ/ विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eyes (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit(s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| Language /Dialect (भाषा /बोली) | Place Of(का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (धवल रोग ) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गुदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.
(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है |)